# नगर परिषद - डलहौज़ी, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश के लेखाओं का
# अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन
## अंकेक्षण अवधि 1.4.2014 से 31.3.2017
## भाग-एक

**1 (क) प्रारम्भिकः-**

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप नगर पालिका अधिनियम 1994 की धारा 255(1) में संशोधन होने व प्रधान सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या 1-376 /81-फिन (एल०ए०) खण्ड –(ख) IV/ दिनांक 10.10.2008 नगर परिषदों तथा नगर पंचायतों के लेखाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत नगर परिषद डलहौज़ी के लेखों (अवधि 1.4.2014 से 31.3.2017) का अंकेक्षण कार्य किया गया।

अंकेक्षण अवधि के दौरान आहरण एवं वितरण अधिकारी के पद पर निम्नलिखित प्रधान एवं कार्यकारी अधिकारी कार्यरत रहे :-

**(i) प्रधान, नगर परिषद**

| क्र० सं० | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री मनोज चड्डा | 1.4.2014 से लगातार |

**(ii) कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद**

| क्र० सं० | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री मति राखी कौशल | 01.04.14 से लगातार |

**(ख) अंकेक्षण अवधि के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त विवरण :-**

| क्र० सं० | गम्भीर अनियमितता का संक्षिप्त विवरण | पैरा संख्या | राशि (₹)लाखों में |
|---|---|---|---|
| 1 | बैंक द्वारा नगर परिषद के खाते में राशियों को जमा न करने बारे | 4(क) (ii) | 0.33 |
| 2 | दिनांक 31.03.17 को अनुदान राशि व्यय हेतु शेष | 5 (क) | 333.53 |
| 3 | अनुदान राशि का सम्भावित दुरूपयोग | 5 (ख) | 332.79 |
| 4 | गृह कर की बकाया राशि की वसूली न करना | 6 (क) | 93.86 |
| 5 | नगर परिषद क्षेत्र में संचालित होटलों के गृहकर का निर्धारण नियमों के अनुसार न करने के फलस्वरूप हुई वितीय हानि | 6 (ख) | 408.14 |
| 6 | गृहकर की गणना नियमों के अनुसार न करने के परिणामस्वरूप हुई वितीय हानि | 6 (ग) | 7.39 |
| 7 | दिनांक 31.03.17 तक दुकानों के किराये की बकाया राशि वसूली हेतु शेष | 7 (क) | 75.19 |
| 8 | जल प्रभार (water tax) की बकाया राशि वसूली हेतु शेष | 8 | 16.78 |
| 9 | Conservancy tax की बकाया राशि की वसूली न करना :- | 9 | 18.57 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | दिनांक 31.03.17 को विभिन्न मोबाईल टावरों की नवीनीकरण फीस वसूली हेतु शेष | 10 | 3.51 |
| 11 | सिनेमा सिनेमा हाल भवन के किराये की बकाया राशि की वसूली न करना | 12 | 7.08 |
| 12 | पट्टा सम्पति को hold Free में परिवर्तित करवाने के एवज में देय राशि को प्राप्त न करना | 13 | 744.19 |
| 13 | संविदाकार को गणना में त्रुटि होने के कारण अधिक भुगतान | 14 (क) | 0.55 |
| 14 | सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त किए बिना निर्माण कार्य पर अधिक व्यय करना | 14 (ख) | 16.21 |
| 15 | विचलन राशि की सक्षम अधिकारी से स्वीकृती प्राप्त किए बिना भुगतान करना | 14 (ग) | 11.10 |
| 16 | भविष्य निधि आयुक्त, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, **शिमला द्वारा** नगर परिषद डलहौज़ी के विरुद्ध आदेश पारित करने **के कारण नगर परिषद खाते से EPFO के खाते में राशि हस्तांतरित करने बारे** | 17 | 8.09 |
| 17 | स्थापना पर अनियमित व्यय | 18 (क) | 270.81 |
| 18 | Placement प्रदान करने पर गलत वेतन निर्धारण के परिणामस्वरूप अधिक भुगतान | 18 (ख) | 0.42 |
| 19 | स्टाफ अग्रिम समायोजन हेतु शेष | 20 (क) | 0.69 |
| 20 | हिमाचल प्रदेश वन निगम को 1035 पेड़ों की आपूर्ति के एवज में राशि प्राप्त न करना | 20 (ग) | 57.45 |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन :-**

संस्था द्वारा गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष पैरों पर की गई कार्यवाही का अवलोकन करने के उपरान्त नवीनतम स्थिति का विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट "क"** पर दिया गया है।

## भाग- दो

**2 वर्तमान अंकेक्षण :-**

नगर परिषद डलहौज़ी के लेखों अवधि 1.4.2014 से 31.3.2017 तक का अंकेक्षण कार्य श्री विजय कुमार वालिया, (सहायक नियन्त्रक) तथा श्री नरेन्द्र कुमार, (आ.स.) द्वारा दिनांक 06.11.17 से 12.01.2018 तक डलहौज़ी मे किया गया, जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में दिये गये हैं। लेखाओं की विस्तृत जांच हेतु आय एवं व्यय के लिए मासों का चयन निम्न प्रकार से किया गया।

| वित्तीय वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2014-15 | 04/2014 | 05/2014 |
| 2015-16 | 03/2016 | 03/2016 |
| 2016-17 | 03/2017 | 07/2016 |

इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद **डलहौजी, जिला चम्बा द्वारा** उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। किसी भी प्रकार की गलत सूचना अथवा सूचना जो प्रदान नहीं की गई हैं, के लिए स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हि.प्र. उत्तरदायी नहीं है । अंकेक्षण की जिम्मेवारी केवल विस्तृत जांच हेतु चयनित माह तक सीमित है ।

**3 अंकेक्षण शुल्क :-**

नगर परिषद **डलहौजी, जिला चम्बा** के अवधि 1.4.2014 से 31.3.2017 तक के लेखाओं के अंकेक्षण **का अंकेक्षण** शुल्क ₹80000 आँका गया । उक्त **अंकेक्षण शुल्क की** राशि को राजकीय कोष में जमा करने हेतु कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद से निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश के नाम बैंक ड्राफ्ट बनाकर शिमला भेजने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या FIN(LA)C/K&C/2018-4 दिनांक 02.01.2018 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसकी अनुपालना में नगर परिषद द्वारा ड्राफ्ट संख्या- 816528 दिनांक 05.01.2018 **द्वारा उक्त राशि को** निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग (हि०प्र०) शिमला-171009 को प्रेषित कर दिया गया ।

**4 वितीय स्थिति :-**

नगर परिषद के अवधि 01/04/14 से 31/03/17 के विभिन्न निधि लेखों की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से है व जिसका विस्तारपूर्वक विवरण **परिशिष्ट "ख"** पर दिया गया है।

**(क) मुख्य रोकड़ वही (M.C.Fund) :-**

| **वित्तीय वर्ष** | **2014-15** | **2015-16** | **2016-17** |
|---|---|---|---|
| प्रारम्भिक शेष | 947674.99 | 2232964.99 | 2211081.99 |
| अपने स्त्रोतों से आय | 12508148 | 21349512 | 14638450 |
| अनुदान राशि | 0 | 0 | 0 |
| ब्याज | 23886 | 42987 | 45671 |
| Development खाते से हंस्तान्तरित राशि | 14597000 | 6100000 | 12000000 |
| **कुल राशि** | **28076708.99** | **29725463.99** | **28895202.99** |
| व्यय | 25843744 | 26514382 | 27853295 |
| Development खाते को हंस्तान्तरित राशि | 0 | 1000000 | 550000 |
| अंतिम शेष | 2232964.99 | 2211081.99 | 491907.99 |

दिनांक 31.03.17 को रोकड़वही में अन्तिम शेष : ₹491907.99

दिनांक 31.03.17 को बैंक खातों में शेष : ₹1582796.20

अन्तर की राशि : ₹1090888.21

(कृप्या बैंक समाधान विवरण देखें)

**बैंक समाधान विवरण – 31.03.17**

| क्रम स. | | विवरण | | | डेबिट | क्रेडिट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Balance as per cash book | | | 491907.99 | |
| 1 | Add: | **Cheque issued but not encashed in bank:-** | | | | |
| | | **Date** | **Cheque no.** | **Amount** | | |
| | | 01.01.15 | 498650 | 7208 | | |
| | | 25.03.17 | 688495 | 7735 | | |
| | | 31.01.17 | 694719 | 10011 | | |
| | | 25.03.17 | 688496 | 10000 | | |
| | | 28.03.17 | 688499 | 48000 | | |
| | | 29.03.17 | 688501 | 180100 | | |
| | | 29.03.17 | 688502 | 93158 | | |
| | | 29.03.17 | 688503 | 6000 | | |
| | | 29.03.17 | 688504 | 10800 | | |
| | | 29.03.17 | 688505 | 23000 | | |
| | | 29.03.17 | 688506 | 9600 | | |
| | | 29.03.17 | 688507 | 10800 | | |
| | | 29.03.17 | 688508 | 10800 | | |
| | | 29.03.17 | 688509 | 10800 | | |
| | | 29.03.17 | 688510 | 10800 | | |
| | | 29.03.17 | 688511 | 7200 | | |
| | | 29.03.17 | 688513 | 7450 | | |
| | | 29.03.17 | 688514 | 19552 | | |
| | | 29.03.17 | 688515 | 1966 | | |
| | | 29.03.17 | 688516 | 988651 | | |
| | | 29.03.17 | 688517 | 58955 | | |
| | | 29.03.17 | 688518 | 24900 | | |
| | | 29.03.17 | 688519 | 4000 | | |
| | | 29.03.17 | 688520 | 7000 | 1568486 | |
| **2.** | **Less:** | **Income deposited into bank through challan but not credited by bank :-** | | | | |
| | | Income dated 30.03.06 deposited on 31.03.06 | | 2064 | | |
| | | Income dated 15.05.07 deposited on 17.05.07 | | 9554 | | |
| | | Income dt.14.11.12 challan no.247 dt.15.11.12 | | 710 | | |
| | | Income dt.20.07.16 challan no. 460 dt.20.07.16 | | 265 | | |
| | | Income dt.30.03.17 challan no.91 dt.31.03.17 | | 29629 | | |
| | | Income dt.31.03.17 challan no.92 dt.03.04.17 | | 4680 | | |
| | | Income dt.31.03.17 challan no.94 dt.03.04.17 | | 87529 | | |
| | | Income dt.31.03.17 challan no.95 dt.03.04.17 | | 3456 | | |
| | | Income dt.31.03.17 challan no.96 dt.03.04.17 | | 744 | | |
| | | Income dt.31.03.17 challan no.97 dt.03.04.17 | | 664454 | | |
| | | Income dt.31.03.17 challan no.98 dt.03.04.17 | | 6232 | | |
| | | Income dt.31.03.17 challan no.99 dt.03.04.17 | | 7617 | | |
| | | | **Total** | **816934** | | **816934** |
| **3** | **Less:** | **Bank charges debited by bank but not entered in cash book:-** | | | | |
| | | **Date** | **Vide G-8 no.** | **Amount** | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 15.10.16 30/28 | 288 | | | |
| | 27.12.16 44/29 | 33 | | | |
| | 03.03.17 98/29 | 230 | | 551 | |
| **4** | Dated 05.09.14 amount excess deposited into bank i.e.Rs.12314 instead of Rs.12134 income on dated 22.10.13 | | 180 | | |
| **5** | Dated 02.11.16 expenditure booked in cash book but not cleared into bank. | | 400 | | |
| **6** | Amount transfer through NEFT on dated 12.12.16 from PNB but not entered in cash book | | 18827 | | |
| **7** | Interest credited by bank but not entered in cash book on dated 31.03.17(HPSCB) | | 3115 | | |
| **8** | Interest credited by bank but not entered in cash book on dated 25.03.17 | | 8989 | | |
| **9** | Bank charges refunded by bank on dated 30.03.17 | | 3000 | | |
| **10** | Bank charges refunded by bank on dated 30.03.17 | | 3216.06 | | |
| **11** | Excess payment to M/s Neel Kamal vide cheque no. 162620 dt.04.04.16 i.e. Rs.125419 instead of Rs.125149/- | | | | 270 |
| **12** | Bank charges debited by bank on dt.03/17 but not entered in cash book:- | | | | 402.50 |
| **13** | Bank charges debited by bank on dt.03/17 but not entered in cash book:- | | | | 75.29 |
| **14** | Amount wrongly taken in cash book o.bal. as on 01.03.17 i.e. Rs.274876 instead of Rs.274836/- | | | | 40 |
| **15** | Amount paid in cash book Rs.6216/- instead of Rs.6216.06 vide v.no.29 dt. 03.2016 | | | | 0.06 |
| **16** | Amount deducted by CEO Dalhousie (book entry) due to two dry deodar trees wrongly marked by MC-Dalhousie during the lot of timber given to HP forest Corp (i.e. Rs.967402-664454) | | 302948 | | |
| | Balance as per various banks (Please see detail given below) | | | | 1582796.20 |
| | **Total Rs.** | | **2401069.05** | | **2401069.05** |

**Detail of closing balance as per various bank a/cs as on 31.03.17:-**

| **Name of bank** | **Account no.** | **Closing balance (in ₹)** |
|---|---|---|
| SBI | 11321778123 | 1359019.21 |
| PNB | 10973 | 31977.10 |
| PNB | 0106000100079853 | 32491.89 |
| HPSCB | 18210105871 | 159308.00 |
| **Total closing balance** | | **1582796.20** |

**(ख) Development account रोकड़वही :-**

| **वित्तीय वर्ष** | **2014-15** | **2015-16** | **2016-17** |
|---|---|---|---|
| प्रारम्भिक शेष | 5520113.84 | 262570.84 | 871647.84 |
| अपने स्त्रोतों से आय | 456205 | 0 | 443940 |
| अनुदान राशि | 16860154 | 17957894 | 16527320 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ब्याज | 188129 | 102478 | 69447 |
| MC निधि खाते से हंस्तान्तरित राशि | 0 | 1000000 | 550000 |
| **कुल राशि** | **23024601.84** | **19322942.84** | **18462354.84** |
| व्यय | 9065031 | 11051295 | 6452883 |
| MC निधि खाते को हंस्तान्तरित राशि | 13697000 | 7400000 | 12000000 |
| अंतिम शेष | 262570.84 | 871647.84 | 9471.84 |

दिनांक 31.03.17 को रोकड़वही में अन्तिम शेष : ₹9471.84

दिनांक 31.03.17 को बैंक खातों में शेष : ₹28583.84

अन्तर की राशि : ₹19112

(कृप्या बैंक समाधान विवरण देखें)

SBI-Dalhousie a/c no. 11321778587 as on 31.03.17 Rs. 28583.84

**बैंक समाधान विवरण - 31.03.17**

| **क्र.स.** | **विवरण** | **डेबिट** | **क्रेडिट** |
|---|---|---|---|
| | Balance as per cash book | 9471.84 | |
| **1** | **Amount directly deposited into bank but not entered in cash book:-** | | |
| | Dated 06.05.10 | 50 | |
| | Dated 07.05.10 | 25 | |
| | Dated 21.09.10 | 2150 | |
| | Dated 22.09.10(603+41) | 644 | |
| | Dated 08.07.11 | 4219 | |
| | Dated 12.08.14 | 8210 | |
| | Dated 24.11.14 | 5099 | |
| | Dated 30.06.15 | 500 | |
| **2** | **Bank charges deducted by bank but not entered in cash book :-** | | |
| | Dated 03/2014 | | 455 |
| | Dated 30.06.14 | | 45 |
| | Dated 31.12.14 | | 85 |
| | Dated 15.06.15 | | 200 |
| **3** | **Excess payment to Sh. Kishori lal Cont. on dated 04.09.13** | | 1000 |
| | Balance as per pass book | | 28583.84 |
| | | **30368.84** | **30368.84** |

**(ग) BRGF रोकड़वही :-**

| **वित्तीय वर्ष** | **2014-15** | **2015-16** | **2016-17** |
|---|---|---|---|
| प्रारम्भिक शेष | 1377120 | 366005 | 61455 |
| अपने स्त्रोतों से आय | 0 | 0 | 0 |
| अनुदान राशि | 0 | 0 | 0 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ब्याज | 44550 | 9394 | 3105 |
| MC व Development खाते से हंस्तान्तरित राशि | 0 | 900000 | 0 |
| **कुल राशि** | **1421670** | **1275399** | **64560** |
| व्यय | 155665 | 1213944 | 1500 |
| MC व Development खाते को हंस्तान्तरित राशि | 900000 | 0 | 0 |
| अंतिम शेष | 366005 | 61455 | 63060 |

दिनांक 31.03.17 को रोकड़वही में अन्तिम शेष : ₹ 63060

दिनांक 31.03.17 को बैंक खातों में शेष : ₹63060

अन्तर की राशि : शून्य

**SBI-Dalhousie a/c no.30649599728 as on 31.03.17 ₹63060**

**(घ) Pension & Gratuity a/c रोकड़वही :-**

| **वित्तीय वर्ष** | **2014-15** | **2015-16** | **2016-17** |
|---|---|---|---|
| प्रारम्भिक शेष | 9713.38 | 10151.38 | 50473.38 |
| पेंशन व ग्रेच्युटी Share | 3414266.00 | 4929567.00 | 4146360.00 |
| ब्याज | 438.00 | 4936.00 | 985.00 |
| Development खाते से हंस्तान्तरित राशि | 0 | 400000.00 | 0 |
| **कुल राशि** | **3424417.38** | **5344654.38** | **4197818.38** |
| व्यय | 3414266.00 | 5294181.00 | 4192626.00 |
| अंतिम शेष | 10151.38 | 50473.38 | 5192.38 |

दिनांक 31.03.17 को रोकड़वही में अन्तिम शेष : ₹5192.38

दिनांक 31.03.17 को बैंक खातों में शेष : ₹5296.38

अन्तर की राशि : ₹104

SBI-Dalhousie a/c no.11321777797 as on 31.03.17 ₹5296.38

**Bank Reconciliation Statement as on 31.03.17**

| | **Particulars** | **Debit** | **Credit** |
|---|---|---|---|
| | **Closing balance as per cash book** | **5192.38** | |
| Add:- | Interest credited by bank but not entered in cash book on dated 25.12.16 & 25.03.17 (52+52) | 104.00 | |
| | **Closing balance as per pass book** | | **5296.38** |
| | **Total Rs……** | **5296.38** | **5296.38** |

**(ङ) SJSRY a/c रोकड़ बही :–**

| **वित्तीय वर्ष** | **2014-15** | **2015-16** | **2016-17** |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रारम्भिक शेष | 1044.95 | 1044.95 | 1044.95 |
| आय | 0 | 0 | 0 |
| ब्याज | 0 | 0 | 145 |
| कुल राशि | 1044.95 | 1044.95 | 1189.95 |
| व्यय | 0 | 0 | 0 |
| अंतिम शेष | 1044.95 | 1044.95 | 1189.95 |

**दिनांक 31.3.17 को रोकड़ बही में अन्तिम शेष: ₹1189.95**

**दिनांक 31.3.17 को बैंक खातों में शेष ₹1189.95**

**(कृपया परिशिष्ट "ख" पर विवरण देखें)**

**अन्तर की राशि शून्य**

**SBI Dalhousie a/c No. 11321777639 as on 31.3.17 ₹1189.95**

**4 (क)(i) ₹7208 चैक की राशि को बैंक में भुगतान हेतु प्रस्तुत न करना:-**

बैंक नगर परिषद के सामान्य खाते की बैंक समाधान विवरणी की जाँच में पाया गया कि लग-भग 3 वर्ष पूर्व भुगतान हेतु चैक जारी किया गया था लेकिन अभी तक यह चैक भुगतान हेतु बैंक में प्रस्तुत नहीं किया गया जबकि चैक की वैधता निर्गमन से 3 माह तक ही होती है I अत: यह चैक कालातीत हो चुका है I अत: सम्बन्धित बैंक से इस भुगतान की पुष्टि करने के पश्चात ₹7208 रोकड़वही के आय पक्ष में वापिस लेना सुनिश्चित करें ताकि भविष्य में यह चैक बैंक समाधान विवरणी में प्रदर्शित न हो चैक का विवरण निम्न प्रकार से है:-

| Date | Cheque no. | Amount |
|---|---|---|
| 01.01.15 | 498650 | 7208 |

**4 (क)(ii) ₹0.33 लाख को बैंक द्वारा नगर परिषद के खाते में जमा न करने बारे:-**

नगर परिषद के सामान्य खाते (MC Fund) व विकास निधि खाते की बैंक समाधान विवरणी की जाँच में पाया गया कि विभिन्न चालानों द्वारा ₹33490 को बैंक में जमा करवाया गया लेकिन लम्बी अवधि के पश्चात् भी बैंक द्वारा इन राशियों को नगर परिषद के खाते में क्रेडिट नहीं किया गया I अत: इस प्रकरण को सम्बन्धित बैंक में प्राथमिकता से उठाया जाए व उक्त राशि को अतिशीघ्र नगर परिषद के खाते में जमा करना सुनिश्चित करें **तदानुसार अपेक्षित** अनुपालना से **इस विभाग को भी** अवगत करवाया जाए I उक्त राशि का विवरण निम्न प्रकार से है:-

**Income deposited into bank through challan but not credited by bank :-**

| | | |
|---|---|---|
| Income dated 30.03.06 deposited on 31.03.06 | 2064 | M.C.Fund |
| Income dated 15.05.07 deposited on 17.05.07 | 9554 | M.C.Fund |
| Income dt.14.11.12 challan no.247 dt.15.11.12 | 710 | M.C.Fund |
| Income dt.20.07.16 challan no. 460 dt.20.07.16 | 265 | M.C.Fund |
| Dated 06.05.10 | 50 | Development fund |
| Dated 07.05.10 | 25 | Development fund |
| Dated 21.09.10 | 2150 | Development fund |

| | | |
|---|---|---|
| Dated 22.09.10(603+41) | 644 | Development fund |
| Dated 08.07.11 | 4219 | Development fund |
| Dated 12.08.14 | 8210 | Development fund |
| Dated 24.11.14 | 5099 | Development fund |
| Dated 30.06.15 | 500 | Development fund |
| **Total Rs.** | **33490** | |

4 **(ख)(i) ₹1000 का बैंक द्वारा अधिक भुगतान:-**

विकास कार्यों की बैंक समाधान विवरणी की जाँच में पाया गया कि श्री किशोरी लाल (संविदाकार) को चैक संख्या-924588 दिनांक 26.09.13 द्वारा ₹171142 के विरुद्ध बैंक द्वारा ₹172142 का भुगतान कर दिया गया जिससे नगर परिषद को ₹1000 की हानि हुई I अत: इस राशि की वसूली उचित स्त्रोत से करके नगर परिषद के खाते में जमा करना सुनिश्चित करेंI

5 **अनुदान;-**

नगर परिषद डलहौज़ी की अंकेक्षणाधीन अवधि 1.4.2014 से 31.3.2017 तक प्राप्त अनुदान राशियों व व्यय की गई राशियों तथा अनुदान के अन्तशेष राशि की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थी, जिनका विस्तारपूर्वक विवरण **परिशिष्ट "ग"** में दिया गया है। परिशिष्ट के अवलोकन पर निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गईं:-

| वित्तीय वर्ष | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 |
|---|---|---|---|
| प्रारम्भिक शेष | 37213506 | 36443794 | 35236725 |
| अनुदान राशि | 16860154 | 17957894 | 16527320 |
| कुल राशि | 54073660 | 54401688 | 51764045 |
| व्यय | 17629866 | 19164963 | 18411253 |
| अंतिम शेष | 36443794 | 35236725 | 33352792 |

**(क) दिनांक 31.03.17 को अनुदान ₹333.53 लाख व्यय हेतु शेष:-**

अनुदानों व उनसे प्राप्त की गयी राशि की विवरणी के अवलोकन पर पाया गया कि विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त अनुदानों में से दिनांक 31.03.1 7 को ₹**33352792 अनुपयुक्त** पड़ी थी जबकि अनुदानों से संबन्धित स्वीकृत पत्रों के अनुसार यह राशियाँ आमतौर पर एक अथवा दो वर्ष के भीतर उपयोग की जानी अपेक्षित **थी**। अतः अनुपयोग इन अनुदान राशियों को समयवध उपयोग न किए जाने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए एवं अनुपयोग राशियों को सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त करने के पश्चात उन्हीं उदेश्य जिन हेतु यह राशियाँ प्राप्त हुई थी, व्यय किया जाना सुनिश्चित किया जाए अन्यथा राशि का प्रत्यार्पण संबन्धित **संस्था**/विभाग को किया जाये **तदानुसार अपेक्षित** अनुपालना से इस विभाग को **भी** अवगत करवाया जाए।

**(ख) अनुदान ₹332.79 लाख का सम्भावित दुरूपयोग :-**

अवधि 01/04/2014 से 31.03.2017 के अनुदान से सम्बंधित अभिलेखों की जाँच में पाया गया कि दिनांक 31.03.17 तक अनुदान ₹33352792 नगर परिषद डलहौज़ी के पास उपयोग हेतु शेष थी जबकि विकास कार्यों की विभिन्न रोकड़वहियों (BRGF+ Development+ SJSRY) में दिनांक 31.03.17 को मात्र ₹73722 (63060+9472+1190) ही अन्तशेष/उपलब्ध थी अर्थात नगर परिषद द्वारा ₹33279070/- (33352792-73722) को किन्ही अन्य अनाधिकृत उद्देश्यों के

लिए प्रयोग किया गया है। अंकेक्षण अधियाचना संख्या – 124 दिनांक 16.12.2017 कार्यकारी अधिकारी को उक्त अनियमितता के बारे में अवगत **करवाने हेतु अनुरोध किया गया था** लेकिन अंकेक्षण समाप्ति तक **उनके द्वारा** कोई प्रतिउत्तर नहीं दिया गया।

अत: अनुदान राशियों का प्रयोग स्वीकृत कार्य पर न करके अन्य कार्यों पर करना एक गंभीर अनियमितता है। इस प्रकरण को निदेशक, शहरी विकास **विभाग** के ध्यानार्थ लाया जाता है ताकि इस सन्दर्भ में उचित कर्यवाही अमल लाई जा सके तथा नगर परिषद प्रशासन को यह परामर्श दिया जाता है कि अविलम्ब इस राशि की प्रतिपूर्ति कर अनुदान राशियों के उद्देश्यों के अनुसार व्यय किया जाए ताकि अनुदान रशियों के सदुपयोग के साथ – साथ नगर परिषद क्षेत्र का विकास भी हो सके।

**6 (क) गृह कर की बकाया ₹93.86 लाख की वसूली न करना :-**

नगर परिषद की आय का मुख्य साधन गृहकर है, जिससे प्राप्त आय को वहाँ की जनता की सुविधाओं के लिए **व्यय** किया जाता है लेकिन नगर परिषद को दिनांक 31.03.17 तक ₹9386039 गृहकर के रूप में वसूली हेतु शेष थी जिसका विवरण **परिशिष्ट "घ"** में दिया गया है, जो कि एक अति गम्भीर वितीय अनियमितता का **प्रकरण** है। अतः इसे शीघ्र वसूल करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाएँ।

**(ख) नगर परिषद क्षेत्र में संचालित होटलों के गृहकर का निर्धारण नियमों के अनुसार न करने के फलस्वरूप ₹408.14 लाख की हानि:-**

जाँच में पाया गया कि नगर परिषद डलहौज़ी क्षेत्र में कुल 80 होटल, पर्यटन विभाग, हिमाचल प्रदेश में पंजीकृत हैं इन होटलों के गृहकर का निर्धारण नियमों के अनुसार नहीं किया गया था जिसके फलस्वरूप नगर परिषद को प्रतिवर्ष ₹13604656 की हानि हो रही है। अंकेक्षण अधियाचना संख्या- FIN(LA)C/K - C/2017-121 दिनांक 14.12.17 द्वारा कार्यकारी अधिकारी को स्थिति स्पष्ट करने बारे अनुरोध किया गया लेकिन अंकेक्षण समाप्ति तक होटलों के गृहकर निर्धारण सम्बन्धित नियमों से अंकेक्षण को अवगत नहीं करवाया गया। अत: अन्य नगर परिषदों में होटलों के गृहकर निर्धारण सम्बन्धित गणना के आधार पर पर्यटन विभाग द्वारा निर्धारित होटलों की किराये की दरों पर 45 दिन की Occupancy के आधार पर गृहकर का निर्धारण करने पर पाया गया कि अवधि 1.4.2014 से 31.3.2017 तक ₹40813968 (13604656 x 3) की वितीय हानि हुई थी, जिसका विस्तारपूर्वक विवरण **परिशिष्ट " ड."** पर दिया गया है। अत: समस्त होटलों के गृहकर का निर्धारण नियमों के अनुसार होटलों के संचालन की अवधि से करके एवं समस्त बकाया राशि की वसूली करना सुनिश्चित करें। **तदानुसार अपेक्षित** अनुपालना से **इस विभाग को भी** अवगत करवाया जाए।

**(ग) गृहकर की गणना नियमों के अनुसार न करने के परिणामस्वरूप ₹7.39 लाख की वितीय हानि के संदर्भ में:-**

जाँच में पाया गया कि नगर परिषद द्वारा भवनों के गृहकर की गणना नगर पालिका अधिनियम – 1994 में वर्णित नियमों के अनुसार नहीं की गई थी जिसके परिणामस्वरूप नगर परिषद को लाखों रुपये की हानि हो रही है। अंकेक्षण के अवलोकन पर पाया गया कि किराये के भवनों में चलित बैंकों के किराये के समझौते में कर का निर्धारण अपेक्षित किराये से कम करके गृह

मालिकों को अनुचित लाभ प्रदान किया गया था जिसके फलस्वरूप नगर परिषद को दिनांक 31.03.17 तक ₹739376 की हानि हुई जिसका विवरण **परिशिष्ट "च"** पर दिया गया है।

अत: नगर परिषद क्षेत्र में स्थित समस्त भवनों के गृहकर का निर्धारण नियमों के अनुसार करना सुनिश्चित करें तथा देय ₹739376 की वसूली उचित स्त्रोत से करने उपरांत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

7 **(क) दिनांक 31.03.17 तक दुकानों के किराये की बकाया ₹75.19 लाख वसूली हेतु शेष**

नगर परिषद द्वारा अपने क्षेत्राधिकार में विभिन्न स्थानों पर दुकानों /स्टालों /खोखों इत्यादि का निर्माण किया गया है तथा उन्हें किराये/पट्टे पर चढ़ाया गया है तथा इनका किराया परिषद की आय का मुख्य स्त्रौत है। नगर परिषद द्वारा अंकेक्षण में उपलब्ध करवाई गई सूचना जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट "छ"** पर दिया गया है, के अनुसार दिनांक 31.03.17 तक किराये के रूप में ₹7519285 वसूली हेतु **शेष** थी। जबकि निदेशक, शहरी विकास विभाग के पत्र संख्या यू०एल०बी० एच०ए०(7) -1/87-9237/9284 दिनांक 20.06.01 के द्वारा करों इत्यादि की शत प्रतिशत वसूली को सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिये गए थे लेकिन कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद डलहौज़ी द्वारा इस सम्बंध में कोई ठोस कदम नहीं उठाये जो कि चिन्ताजनक है। अतः परामर्श दिया जाता है कि राशि की वसूली हेतु अविलम्ब प्रभावी कदम उठाये जाएँ। वसूली योग्य कुल राशि में से ₹6541101 केवल 43 दुकानदारों से वसूलना शेष थी जिनका विवरण भी **परिशिष्ट " छ "** में दिया गया है।

8 **जल प्रभार (water tax) की बकाया ₹16.78 लाख वसूली हेतु शेष**

जाँच में पाया गया कि 31.03.17 को जल प्रभार के रूप में ₹1677780 वसूली हेतु शेष थी जिसका विवरण **परिशिष्ट "ज"** पर दिया गया है, यह राशि दिनांक 31.03.14 से पूर्व अवधि की वसूली हेतु शेष है जो कि एक अति गम्भीर वितीय अनियमितता का **प्रकरण** है। इस प्रकरण को नगर परिषद प्रशासन के ध्यानार्थ लाया जाता ताकि काफी लम्बे समय से पड़ी उक्त बकाया राशि की वसूली हेतु ठोस कदम उठाए जाएं **तदानुसार अपेक्षित** अनुपालना से **इस विभाग को भी अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।**

9 **Conservancy tax की बकाया ₹18.57 लाख की वसूली न करना :-**

जाँच में पाया गया कि 31.03.17 को Conservancy tax के रूप में ₹1856571 वसूली हेतु शेष थी जिसका विवरण **परिशिष्ट "झ"** पर दिया गया है, यह राशि दिनांक 31.03.14 से पूर्व अवधि की वसूली हेतु शेष है, जो कि एक अति गम्भीर वितीय अनियमितता का **प्रकरण** है। इस प्रकरण को नगर परिषद प्रशासन के ध्यानार्थ लाया जाता ताकि काफी लम्बे समय से पड़ी उक्त बकाया राशि की वसूली हेतु ठोस कदम उठाए जाएं **तदानुसार अपेक्षित** अनुपालना **उपरान्त** अंकेक्षण को **भी** अवगत **करवाया जाए**।

10 **दिनांक 31.03.17 को विभिन्न मोबाईल टावरों की नवीनीकरण फीस के रूप में ₹3.51 लाख वसूली हेतु शेष :-**

मोबाइल टावरों के रजिस्टर की जांच में पाया कि दिनांक 31.03.17 को विभिन्न मोबाईल टावरों के नवीनीकरण **शुल्क** के रूप में ₹351250 वसूली हेतु शेष थे जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :-

| | |
|---|---|
| बी.एस.एन.एल.टॉवर. | 37500 |
| एयरटेल टॉवर | 63750 |
| टाटा टावर | 46250 |
| रिलायंस | 123750 |
| AIRCEL | 65000 |
| वोडफोन | 15000 |
| **कुल राशि** | **₹351250** |

**उपरोक्त शुल्क का परिशिष्ट "ञ"** पर विस्तारपूर्वक विवरण दिया गया है। अत: उक्त बकाया राशि ₹351250 को वसूली अतिशीघ्र की जाए तथा **अपेक्षित** अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत किया **जाए**।

**11 वाहन पार्किंग से प्राप्त किराये पर ₹5.66 लाख के सेवाकर का भुगतान न करना :-**

नगर परिषद द्वारा वाहन पार्किंगों को विभिन्न संविदाकारों को ठेके पर दिया गया था, जाँच के दौरान पाया गया कि वाहन पार्किंग किराये पर केन्द्रीय आबकारी एवं कराधान विभाग को सेवाकर का भुगतान किया जाना देय था जोकि भुगतान नहीं किया गया था।

केन्द्रीय आबकारी एवं कराधान विभाग, भारत सरकार की अधिसूचना संख्या- 29/2012 दिनांक 20.06.12 व सेवाकर अधिनियम के अनुसार वाहन पार्किंग किराये से प्राप्त आय पर दिनांक 01.07.12 से सेवाकर का भुगतान किया जाना अपेक्षित था लेकिन अंकेक्षण जाँच के दौरान पाया गया कि अवधि 2014-15 से 2016-17 के दौरान वाहन पार्किंग से प्राप्त किराये पर निम्न विवरणानुसार देय सेवाकर ₹565759 का केन्द्रीय आबाकारी एवं कराधान विभाग को भुगतान नहीं किया गया था।

| माह/वर्ष | किराये से प्राप्त राशि | सेवाकर दर % | सेवाकर की भुगतान योग्य राशि |
|---|---|---|---|
| 04/2015 | 1252020 | 12.36 | 154750 |
| 04/2016 | 1328340 | 14.50 | 192609 |
| 04/2017 | 1456000 | 15.00 | 218400 |
| | | कुल राशि | **₹565759** |

अत: सेवाकर अधिनियम के अनुसार केन्द्रीय आबकारी एवं कराधान विभाग को सेवाकर का भुगतान न करने बारे औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा सेवाकर ₹565759 की वसूली उचित स्त्रोत से करके केन्द्रीय आबाकारी एवं कराधान विभाग को भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाए। सरकारी प्राप्तियों को समय पर जमा न करने के कारण यदि केन्द्रीय आबाकारी एवं कराधान विभाग द्वारा कोई दण्ड (Penality) लगाया जाता है तो उसके लिए सम्बन्धित आहरण एवं वितरण अधिकारी का उतरदायित्व होगा। अत: उपरोक्त देय सेवाकर की राशि का सम्बन्धित विभाग को भुगतान करके कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा इसके अतिरिक्त अंकेक्षण अवलोकन पर यह भी पाया गया कि नगर परिषद द्वारा विभिन्न संविदाकारों

से किए गए अनुबंध में सेवा कर लगाने की शर्त को अलग से शामिल नहीं किया गया था। अत: भविष्य में नगर परिषद द्वारा वाहन पार्किंग से सम्बन्धित विभिन्न संविदाकारों से किए गए अनुबंध में सेवा कर की शर्त को अलग से शामिल किया जाना सुनिश्चित किया जाए ताकि भविष्य में होने वाले किसी भी विवाद से बचा जा सके तथा नियमानुसार देय सेवाकर का समय पर भुगतान भी किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**12 सिनेमा हाल भवन के किराये की बकाया ₹7.08 लाख की वसूली न करना :-**

जाँच में पाया गया कि श्री रविकांत वालिया द्वारा जून, 2004 के पश्चात सिनेमा हाल भवन के किराये का भुगतान नगर परिषद को नहीं किया गया था। इस प्रकार दिनांक 31.03.2017 तक ₹704370 **वसूली** हेतु शेष थी, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है:-

| Years | Municipal Rent | Water tax | Conservancy Tax | G.C.C. | Total outstanding amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 2004-05 | 36501 | 220 | 440 | | 37161 |
| 2005-06 | 40151 | 2410 | 4820 | | 47381 |
| 2006-07 | 40151 | 2410 | 4820 | | 47381 |
| 2007-08 | 40151 | 2410 | 4820 | | 47381 |
| 2008-09 | 46174 | 2770 | 5541 | | 54485 |
| 2009-10 | 46174 | 2770 | 5541 | | 54485 |
| 2010-11 | 46174 | 2770 | 5541 | | 54485 |
| 2011-12 | 53100 | 3186 | 6372 | | 62658 |
| 2012-13 | 53100 | 3186 | 6372 | | 62658 |
| 2013-14 | 53100 | NA | NA | 1800 | 54900 |
| 2014-15 | 61065 | NA | NA | 1800 | 62865 |
| 2015-16 | 61065 | NA | NA | 0 | 61065 |
| 2016-17 | 61065 | NA | NA | 0 | 61065 |
| **Total Rs.** | **637971** | **22132** | **44267** | **3600** | **707970** |

हिमाचल प्रदेश Municipal अधिनियम -1994 की धारा 86 (2) के अंतर्गत बकाया किराये की वसूली हेतु श्री रविकान्त वालिया को legal notice भी भेजा गया था, लेकिन आज तक कोई भी बकाया राशि की वसूली नहीं जा सकी है। यह एक अत्यन्त गम्भीर वितीय अनियमितता का **प्रकरण** है**,** जिसका उल्लेख गत अंकेक्षण प्रतिवेदन 04/2010 से 03/2012 के पैरा संख्या – 8(10)(II) में भी किया गया था। अत: इस प्रकरण को निदेशक, शहरी विकास, हिमाचल प्रदेश, शिमला के ध्यानार्थ इस आशय से लाया जाता है कि इस **प्रकरण** की विस्तृत छानबीन करके परिषद को अनावश्यक हानि से बचाने हेतु आवश्यक प्रशासनिक कार्यवाही की जाए ।

**13 पट्टा सम्पति को Freehold में परिवर्तित करवाने के एवज में देय ₹744.19 लाख को प्राप्त न करना:-**

अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व) हिमाचल प्रदेश के पत्रांक संख्या – D(G)6-4/2016 दिनांक 9/2016 के क्रम संख्या –(i) के अंतर्गत पट्टा मालिक द्वारा पट्टा सम्पति को freehold करने हेतु पट्टे (lease) पर दी गई land built-up area पर पट्टाधारी से ₹500 प्रति square मीटर की दर से वसूल किया जाना अपेक्षित है तथा क्रम संख्या – (iii) के अनुसार

“ The concerned lease holder shall apply before the concerned Revenue/Registration officer, i.e. Deputy Commissioner or Tehsildar/Nayab Tehsildar alongwith all relevant revenue/other documents for registration of sale deed”.

नगर परिषद डलहौज़ी द्वारा 53 मामलों में British Regime में सरकारी भूमि विभिन्न एजेंसियों को 1931 से पट्टे पर दी गई थी जोकि freehold की गई है तथा जिसका पट्टा मालिक नगर परिषद डलहौज़ी स्वयं है, जिसके परिणामस्वरूप नगर परिषद द्वारा पट्टा सम्पति को freehold करने पर देय ₹74419000 प्राप्त नहीं की गई थी (विस्तारपूर्वक विवरण **परिशिष्ट "ञ–1"** पर दिया गया है) तथा विभिन्न पट्टाधारियों द्वारा इस राशि को राजस्व अधिकारी के कार्यालय में जमा करवाया जा रहा है, जबकि इस सम्पत्ति का Beneficiary trustee नगर परिषद डलहौज़ी है। जिसके सन्दर्भ में परिषद द्वारा उक्त राशि को वसूल करने हेतु कार्यवाही रजिस्टर में प्रस्ताव संख्या- 67 (3) के अंतर्गत यह निर्णय लिया कि पट्टा सम्पत्ति को freehold करने की लागत/मूल्य को नगर परिषद द्वारा प्राप्त किया जाएगा तथा कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद डलहौज़ी के पत्रांक संख्या – 322/DMC दिनांक 06.12.2017 द्वारा निदेशक, शहरी विकास, हिमाचल प्रदेश, शिमला से इस **प्रकरण** के बारे में पत्राचार किया गया था I इसके अतिरिक्त पट्टा सम्पत्ति को freehold करवाने हेतु नगर परिषद से No objection certificate लिया जाना भी आवश्यक है, जोकि नहीं लिया जा रहा है I यह एक अत्यंत गंभीर वितीय अनियमितता है।

अत: इस प्रकरण को निदेशक, शहरी विकास, हिमाचल प्रदेश, शिमला के ध्यानार्थ इस आशय से लाया जाता है कि इस **प्रकरण** की विस्तृत छानबीन करके परिषद को अनावश्यक हानि से बचाने हेतु आवश्यक प्रशासनिक कार्यवाही अम्ल में लाने का विचार किया जाए ।

## Development work cash book :-

**14 संविदाकार को गणना में गलती के कारण ₹0.55 लाख का अधिक भुगतान:-**

( वाउचर स.1, माह 05/2014, ₹1257486/-)

| | |
|---|---|
| Name of work : | C/o Community hall building in the top of existing Municipal office building at Dalhousie. |
| Name of Contracter : | Sh. T.R.Kapoor, Govt. Contracter |
| Bill no. : | Ist running bill to 2nd running bill |
| Work order no. | 1036/DMC dated : 28.08.2012 |
| M.B.no./page no. | 12 page 15 to 24 |

नगर परिषद डलहौज़ी द्वारा उपरोक्त निर्माण कार्य को करवाने हेतु अनुमानित लागत (Civil works only) ₹1079244 के आधार पर टेन्डर आमन्त्रित किए गए जिसमें संविदाकारों ने अपनी दरें प्रस्तुत कीं और न्यूनदर के आधार पर संविदाकार श्री T.R.Kapoor को negotiation के उपरान्त यह कार्य कुल लागत ₹1476118.17 में नगर परिषद के पत्रांक संख्या – 1036/DMC दिनांक 20.08.2012 द्वारा आबंटित किया गया हैI

उपरोक्त कार्य से सम्बन्धित बिल की जाँच/अवलोकन करने पर निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गईं :-

**(क)** बिल की जाँच करने पर पाया गया कि गणना (calculations) की चूक के कारण ठेकेदार को निम्न विवरणानुसार ₹55418 का अधिक भुगतान किया गया I

| मद का संक्षिप्त विवरण | भुगतान की गई मात्रा | वास्तविक मात्रा | अन्तर | दर | अधिक भुगतान की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| P/F pretained steel sheets of 0.60 mm thick | 381.58 m2 | 329.15 m2 | 52.43 m2 | 1057 | 55418 |

अत: अधिक भुगतान की गई राशि की वसूली उचित स्त्रोत से करके **अपेक्षित** अनुपालना से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए I

**(ख) सक्षम अधिकारी की स्वीकृती प्राप्त किए बिना निर्माण कार्य पर ₹16.21 लाख का अधिक व्यय करना:-**

जाँच में पाया गया कि 2nd running बिल तक ₹2260515 का कुल कार्य निष्पादित किया गया था जबकि निदेशक, शहरी विकास, हि.प्र.-शिमला को प्राकलन ₹1079244 **का** स्वीकृती हेतू प्रस्तुत **किया गया** व इस राशि के विरुद्ध पत्रांक संख्या-UD-H(F)(1)-10/97-XI-6682-84 दिनांक 04.04.2013 के अंतर्गत SJSRY (wage component) में Construction of community hall in Municipal Council-Dalhousie हेतू केवल ₹64000 ही स्वीकृत किए गए थे I

इसके अतिरिक्त नगर परिषद डलहौज़ी द्वारा ₹3296000 का संशोधित प्राकलन (estimate) तैयार करके पत्रांक संख्या- 84/DMC दिनांक 12.02.2014 द्वारा निदेशक, शहरी विकास, हि.प्र.-शिमला को स्वीकृती व अनुदान प्रदान करने हेतू भेजा गया लेकिन दिनांक आज तक कोई भी अनुदान राशि प्राप्त नहीं हुई और न ही संशोधित प्राकलन की स्वीकृती प्राप्त हुई I

इस प्रकार निदेशक, शहरी विकास, हि.प्र.-शिमला की स्वीकृती लिए **बिना** ₹1620515 (2260515-640000) उक्त कार्य हेतू अधिक खर्च कर ली गई I अत: उक्त कार्य हेतू ₹1620515 **के** अधिक **व्यय** करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा यथाशीघ्र सक्षम अधिकारी की स्वीकृती लेकर अधिक **व्यय** की गई राशि को नियमित करवाकर **अपेक्षित** अनुपालना से इस विभाग को **भी** अवगत करवाया **जाना सुनिश्चित किया जाए।**

**(ग) विचलन (Deviation) ₹11.10 लाख की सक्षम अधिकारी से स्वीकृती प्राप्त किए बिना भुगतान करना:-**

उपरोक्त कार्य के प्रथम व दूसरे बिल की जाँच करने पर पाया गया कि आज तक जितना कुल कार्य निष्पादित किया गया था उसमें निम्न मदों में ₹1109756 का विचलन पाया गया :-

| S. No. | Particulars | Qty as per DNIT | Qty actually executed | Difference | Rate | Deviation amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Prov. Form work with steel plates | 60.23 sqm | 178.15 sqm | 117.92 sqm | 220 | 25942 |
| 2 | P/L cc 1:2:4 | 5.85 cum | 16.89 cum | 11.04 cum | 4500 | 49680 |
| 3 | P/L Tor steel | 1239.73 kg | 2177.08 kg | 937.35 kg | 62 | 58116 |
| 4 | Brick work in cement mortar 1:6 | 31.70 m3 | 78.91 m3 | 47.21 m3 | 5800 | 273818 |
| 5 | Half brick masonry in cm 1:4 | 8.91 m2 | 59.63 m2 | 50.72 m2 | 730 | 37025 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | Steel work welded in built-up sections trusses and framed work | 18.96 Qtls | 107.65 Qtls | 88.69 Qtls | 7500 | 665175 |
| | **Total Rs....** | | | | | **1109756** |

अत: नगर परिषद द्वारा विचलन विवरण तैयार करके नियमानुसार विचलन ₹1109756 को सक्षम अधिकारी से स्वीकृत करवाकर **अपेक्षित** अनुपालना से इस विभाग को **भी** अवगत करवाया जाए I

**(घ) CGI steel roofing की मद को prepainted sheets roofing में परिवर्तित करने के कारण ₹1.06 लाख का अनावश्यक व्यय करनाः–**

